

हिंदी दैनिक खबर

# केशववाणी

हर पल, हमारी खबर

**अनमोल वचन**
मेहनत की राह पर चलो तो मंज़िल खुद पास आएगी,हौसला रखो, हर मुश्किल आसान बन जाएगी।

शनिवार 21 मार्च 2026 वर्ष 02 अंक 78 पृष्ठ 4 | www.keshavtv24.com | Email:keshavtvbihar@gmail.com


# दिव्यांगजनों को मिली नई राह- नालंदा में 45 लाभुकों के बीच बैट्री ट्राईसाइकिल का वितरण

## बैट्री ट्राईसाइकिल दिव्यांगजनों के लिए किसी वरदान से कम नहीं – सांसद कौशलेन्द्र कुमार

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट**
**बिहारशरीफ (नालंदा)।** मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तिकरण छत्र योजना (सम्बल) के तहत शुक्रवार को जिले में 45 दिव्यांग लाभ- ुकों के बीच बैट्री चालित ट्राईसाइकिल का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में ग्रामीण विकास एवं परिवहन मंत्री श्रवण कुमार तथा लोकसभा सांसद कौशलेन्द्र कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सहायक निदेशक–सह–वरीय उप समाहर्ता सुश्री प्राची रिया ने विभागीय दिशा–निर्देशों की जानकारी देते हुए योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। सांसद कौशलेन्द्र कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि बैट्री ट्राईसाइकिल दिव्यांगजनों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इससे उन्हें दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को दूर करने में काफी सहायता मिलेगी और वे अधिक आत्मनिर्भर बन सकेंगे। वहीं मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि राज्य सरकार सभी वर्गों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, ताकि उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके।




कार्यक्रम के अंत में मंत्री, सांसद, वरीय उप समाहर्ता सुश्री प्राची रिया, वरीय कोषागार पदाधिकारी एवं जिला भविष्य निधि पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर लाभुकों को बैट्री ट्राईसाइकिल प्रदान किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना की और इसे दिव्यांगजनों के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया।



# नालंदा में गैस की कोई कमी नहीं - डीएम ने अफवाहों से बचने की अपील की

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट**
**बिहारशरीफ (नालंदा)।** जिले में एलपीजी गैस सिलिंडर की कथित किल्लत की खबरों के बीच जिला प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि जिले में गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। गुरुवार को जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने घरेलू गैस सिलिंडरों की उपलब्धता की समीक्षा की। इस दौरान तीनों तेल विपणन कंपनियों के एरिया मैनेजरों ने बताया कि इंडियन ऑयल (आईओसीएल) की 18 एजेंसियों में 9703 सिलिंडर, भारत पेट्रोलियम (बीपीसीएल) की 27 एजेंसियों में 12302 सिलिंडर तथा हिंदुस्तान पेट्रोलियम (एचपीसीएल) की 9 एजेंसियों में 2110 सिलिंडर स्टॉक में उपलब्ध हैं। डीएम ने आम लोगों से अपील की है कि वे घबराहट में आकर गैस सिलिंडर की अनावश्यक बुकिंग न करें और कालाबाजारी से सिलिंडर खरीदने से बचें। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता केवल अधिकृत माध्यमों से ही बुकिंग कर गैस प्राप्त करें। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर गैस की कमी को लेकर फैलाई जा रही खबरें भ्रामक हैं। लोगों से ऐसी अफवाहों पर ध्यान न देने और अपुष्ट जानकारी को साझा न करने की अपील की गई है। उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। गैस बुकिंग में किसी प्रकार की परेशानी या अन्य शिकायत के लिए लोग 06112–233168 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। जिला प्रशासन ने चेतावनी दी है कि यदि कोई व्यक्ति गैस सिलिंडरों की जमाखोरी, कालाबाजारी या घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग करते पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# नवरात्र के पहले दिन दिखा अद्भुत नजारा, कलश यात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, सांसद विधायक हुए शामिल

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट , इस्लामपुर (नालंदा)।** वासंती नवरात्र के प्रथम दिन इस्लामपुर प्रखंड के खोदागंज बाजार में श्री दुर्गा पूजा प्रबंध समिति के सौजन्य से भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में महिलाओं ने नए प- रधान में भाग लिया और पूरे क्षेत्र को भक्तिमय माहौल में रंग दिया। शोभायात्रा की शुरुआत वैकटपुर से लाए गए पवित्र गंगाजल के साथ हुई। इसके बाद महिलाएं मीठी कुआं के समीप विधि–विधान से कलश में जल भरकर खोदागंज थाना, राजगीर रोड और हुलासगंज मार्ग से पैदल भ्रमण करते हुए दुर्गा स्थान मंडप पहुंचीं। वहां प्रधान कलश में पूजा के लिए जल स्थापित किया गया, जबकि अन्य महिलाएं प्रसाद ग्रहण कर अपने–अपने घर कलश लेकर चली गईं। समिति के पदाधिकारियों एवं समा- जसेवी मुकेश कुमार ने बताया कि पिछले करीब 50 वर्षों से वासंती नवरात्र के अवसर पर यहां चौती मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूरे विधि–विधान से पूजा–अर्चना की जाती है। कलश शोभायात्रा में खोदागंज, इमादपुर, पनहर, रसलपुर, विष्णु बगीचा, वरदाहा, बेग- मपुर, पकड़िया बिगहा, खरज्जमा, अर्जुन सेरथुआ सराय, पचरुखिया, दौरा, रसूली बिहार, जहान बगीचा, हरसिंगरा सहित आसपास के दर्जनों गांवों की हजारों श्रद्धालु महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर स्थानीय सांसद कौशलेंद्र कुमार, नवनिर्वाचित विधायक रूहेल रंजन, मुखिया सलमा खातून, प्रमुख प्रतिनिधि



एवं राजद नेता मिथलेश यादव, मुखिया प्रतिनिधि आजाद आलम, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी श्याम कुमार निर्मल, सरपंच ऊषा शर्मा, समाजसेवी मुकेश कुमार (एलआईसी), सतीश चौधरी, पैक्स अध्यक्ष राजेश मिस्त्री, प्रखंड बीस सूत्री सदस्य वरुण सिंह, डॉ. लक्ष्मी नारायण, रिपू यादव, संजीव स्वर्णकार, राजा मिस्त्री, सरोज कुमार, मुखिया रंजीत मिस्त्री, उपमुखिया रंजीत यादव, समाजसेवी अखिलेश यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय माहौल बना रहा और "जय माता दी" के जयकारों से क्षेत्र गूंजता रहा।





अपने क्षेत्र की खबर भेजने और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें

7033325120



# बिहार के नव निर्माण के लिए जनता को निस्वार्थ भाव से वोटिंग करने की जरूरत – प्रशांत किशोर बिहार के विकास के लिए जन सुराज को चुनने की जरूरत


**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर। राजीव लोचन की रिपोर्ट राजगीर (नालंदा)।** बिहार के नव निर्माण के लिए लोगों को निस्वार्थ भाव से अपना मताधिकार को करने की जरूरत है। तभी बिहार का नव निर्माण हो सकेगा। बिहार की जनता ने चुनाव के दौरान 10 हजार रुपया लेकर वोट दिया, यह अच्छी बात नहीं है। ये बातें जन सुराज पार्टी के सुत्रधार प्रशांत किशोर ने गुरुवार की देर शाम अपनी पार्टी के प्रमंडलीय प्रभारी उपेन्द्र कुमार विभूति के आवास पर वार्ता में कहीं। श्री किशोर ने कहा कि बिहार का विकास न बड़े भाई ने किया और न छोटे भाई ने। दोनों भाइयों ने जनता को सिर्फ झूठे वादे कर विकास की गाथा सुनाते रहे। कहा कि जनता को बिहार के विकास की ओर ले जाने के लिए जन सुराज पार्टी को चुनना होगा। विकास के रास्ते पर ले जाने के लिए सबसे पहले जनता में शिक्षा का अलख जगाना होगा। जनता को जमीन के साथ ही साथ पूंजी की भी जरूरत होगी। प्रमंडलीय प्रभारी उपेन्द्र कुमार विभूति ने कहा कि बिहार के विकास के रास्ते पर ले जाने के लिए ही जन सुराज पार्टी का गठन किया गया है। पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर हमेशा बिहार के विकास के मार्ग पर ले जाने के लिए अपने द्वारा पहल करते रहें हैं।



पूर्व विधायक किशोर मुन्ना, पूर्व कमिश्नर ललन कुमार, पूर्व एडीजी जेपी सिंह, निरंजन साव, इन्द्र मोहन सिंह निराला, सुरेन्द्र प्रसाद, ज्ञानचंद्र जैन, प्रो. अशोक कुमार, सुधीर कुमार मालाकार, उपेन्द्र यादव, रणधीर कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# यूजीसी समेत 9 सूत्री मांगों को लेकर बिहारशरीफ में 8 अप्रैल को होगा धरना–प्रदर्शन

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट बिहार शरीफ (नालंदा)।** सामाजिक न्याय से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर "भारतीय सामा. जिक न्याय संघ" के बैनर तले 8 अप्रैल 2026 को एकदिवसीय धरना–प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम अस्पताल चा. ैराहा, बिहारशरीफ में दिन के 11 बजे शुरू होगा। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप मंडल ने बताया कि आजादी के करीब 80 वर्ष बीत जाने के बावजूद देश में सामाजिक न्याय का सपना पूरी तरह साकार नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक असमानता व्यापक रूप से विद्यमान है, जबकि समान शिक्षा प्रणाली केवल नारों तक सीमित रह गई है। उन्होंने न्यायपालिका में प्रचलित कॉलेजियम सिस्टम पर सवाल उठाते हुए कहा कि इससे कई प्रतिभाशाली लोग उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय तक पहुंचने से पहले ही अवसरों से वंचित हो जाते हैं। साथ ही, तेजी से बढ़ते निजीकरण के कारण आरक्षण व्यवस्था पर भी खतरा मंडरा रहा है।इन समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर यह धरना–प्रदर्शन आयोजित किया जा रहा है। संघ ने आम नागरिकों और समर्थकों से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में भाग लेकर अपने अधिकारों की आवाज बुलंद करें। धरना–प्रदर्शन की प्रमुख मांगों में यूजीसी कानून 2026 को शीघ्र लागू करना, देशभर में जातिगत जनगणना कराना, न्यायपालिका में कॉलेजियम सिस्टम समाप्त करना, आबादी के अनुपात में आरक्षण लागू करना, ईडब्ल्यूएस आरक्षण को समाप्त करना, गरीब परिवारों को 5 डिसमिल जमीन उपलब्ध कराना, सभी नागरिकों को मुफ्त शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधा देना, निजी क्षेत्र में भी आरक्षण लागू करना तथा प्रमुख प्रतियोगी परीक्षाओं में साक्षात्कार प्रक्रिया समाप्त करना शामिल है। संघ द्वारा कार्यक्रम की तैयारियां तेज कर दी गई हैं और इसे सफल बनाने के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान भी चलाया जा रहा है।




# छठ घाट योजना में घूसखोरी का खेल बेनकाब, 12 हजार घुस लेते बीपीआरओ अधिकारी गिरफ्तार, निगरानी की बड़ी कार्रवाई

**केशववाणी शंकर कुमार सिन्हा की रिपोर्ट नगरनौसा (नालंदा)।** नालंदा जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही कार्रवाई के तहत निगरानी अन्वेषण ब्यूरो (विजिलेंस) की टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी (बीपीआरओ) अनुष्का कुमारी को 12 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, खपुरा निवासी अजय कुमार ने निगरानी विभाग में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में उन्होंने बताया कि पंचायत समिति द्वारा उनके गांव में छठ घाट की सीढ़ी निर्माण योजना अनुशंसित की गई थी। लेकिन इस योजना को प्रारंभ कराने, फाइल आगे बढ़ाने एवं सरकारी कार्य को सुचारू रूप से शुरू करने के नाम पर बीपीआरओ अनुष्का कुमारी द्वारा 12 हजार रुपये की रिश्वत की मांग की जा रही थी।

शिकायत मिलने के बाद निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने मामले का सत्यापन किया, जिसमें आरोप सही पाए गए। इसके बाद एक विशेष टीम का गठन कर योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई की गई। तय योजना के अनुसार, जैसे ही शिकायतकर्ता अजय कुमार रिश्वत की राशि लेकर अधिकारी के पास पहुंचे और पैसे सौंपे, पहले से मौके पर तैनात विजिलेंस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अनुष्का कुमारी को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद निगरानी टीम आरोपी अधिकारी को अपने साथ ले गई।



जहां उनसे आगे की पूछताछ और कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इस कार्रवाई से जिले में हड़कंप मच गया है और भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त संदेश गया है।








# नालंदा में बौद्धिक संपदा अधिकार पर कार्यशाला एमएसएमई को बताया गया सशक्तिकरण का मंत्र

**केशववाणी प्रेम सिंघानिया की रिपोर्ट ' बिहारशरीफ (नालंदा)।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एमएसएमई विकास कार्यालय, पटना एवं विकास आयुक्त कार्यालय, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला उद्योग केंद्र, नालंदा परिसर में किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न एमएसएमई इकाइयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री प्रवीण कुमार, अपर विकास आयुक्त, विकास आयुक्त कार्यालय, नई दिल्ली द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकार एमएसएमई क्षेत्र के विकास का महत्वपूर्ण आधार है। इससे न केवल नवाचार को बढ़ावा मिलता है, बल्कि उद्यमियों को उनके उत्पाद और तकनीक की सुरक्षा भी सुनिश्चित होती है। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार द्वारा बौद्धिक संपदा प्रतिपूर्ति योजना के माध्यम से उद्यमियों को आर्थिक सहायता प्रदान कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री आर. के. चौधरी, निदेशक, एमएसएमई पटना, श्री अजय कुमार, परियोजना प्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र नालंदा, श्री शशिकांत, वरीय प्रबंधक, पंजाब नेशनल बैंक नालंदा, श्री संतोष कुमार साहू, डॉ. रोचक राठौर, सहायक निदेशक ग्रेड–1, एमएसएमई विकास कार्यालय, पटना तथा श्री अंकेश कुमार, कार्यालय संयोजक उपस्थित रहे। तकनीकी सत्र में डॉ. रोचक राठौर ने एमएसएमई इनोवेटिव स्कीम एवं मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। वहीं बौद्धिक संपदा विशेषज्ञ श्री रोबिन विंसेंट एवं श्री मनीष रिजु ने बौद्धिक संपदा अधिकार के कानूनी पहलुओं तथा एमएसएमई उद्योगों में इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला।



कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों के साथ प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें उद्यमियों ने अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम का समापन श्री जी.एल. मीणा एवं डॉ. श्वेता देवतले, सहायक निदेशक द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।






# सरथा पंचायत के पासवान नगर गांव में अखंड कीर्तन को लेकर 251 महिला श्रद्धालुओं के द्वारा निकाली गई गाजे बाजे के साथ कलश शोभा यात्रा

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत (नालंदा)।** चौती नवरात्रि के अवसर पर हरनौत प्रखंड क्षेत्र के सरथा पंचायत के पासवान नगर गांव में अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया है। अखंड कीर्तन को लेकर शुक्रवार को भव्य कल सुबह यात्रा निकाला गया। कार्यकर्ता शंकर पासवान, धर्मवीर पासवान ने बताया कि पासवान नगर गांव के पास नेशनल हाईवे 30 । किनारे स्थित बाबा चौहरमल मंदिर परिसर में समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से पिछले 5 वर्षों से अखंड कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। और इस बार भी 24 घंटे का अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया है। अखंड कीर्तन के एक दिन पूर्व गांव के 251 कन्याकुमारी एवं महिला श्रद्धालुओं के द्वारा गाजे बाजे के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाला गया। कलश में जल भरने के लिए सभी श्रद्धालु बख्तियारपुर स्थित ग्यासपुर गंगा घाट पहुंचा। जहां पंडितों के द्वारा विधि विधान से मंत्र जाप करने के बाद कलश में जल भर गया। वहां से कलश में जल लेकर कल्याण बीघा स्थित छठ घाट के पास से माथे पर कलश को लेकर पीले वस्त्र धारण किए हुए सभी श्रद्धालुओं ने पैदल चलते हुए पूरा क्षेत्र भ्रमण करते हुए मंदिर के पास पहुंचा जहां कलश को स्थापित की गई। ग्रामीणों ने बताया कि अखंड कीर्तन का आयोजन करने से गांव की सुख समृद्धि एवं आपसी भाईच. ारे का माहौल बना रहता है। उन्होंने बताया कि शनिवार से 24 घंटे का अखंड कीर्तन शुरू हो जाएगा। अखंड कीर्तन के आयोजन होने से गांव में लोग भक्ति के प्रति काफी उत्साहित है। वही इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सनोज पासवान, झूलन पासवान,





राम कुमार, पवन पासवान, सुधीर, कैलाश, टुनटुन, कपूर ,सुबोध, राकेश, उपेंद्र, पप्पू समेत समस्त ग्राम वासियों का भरपूर सहयोग है।






# हरनौत में पंचायत समिति की हुई बैठक मनरेगा की स्थित पर हुआ हंगामा

## पीओ रहे ग़ायब, समापन होने पर अनुमोदन कराने पहुंचे डाटा एंट्री ऑपरेटर

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट हरनौत , (नालंदा)।** हरनौत प्रखंड मुख्यालय परिसर में शुक्रवार को पंचायत समिति की बैठक बुलाई थी। बैठक कि अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख सुबीली देवी ने किया। वहीं बैठक में बीडीओ डॉ पंकज कुमार ,उप प्रमुख प्रमोद राम, मुखिया रणविजय सिंह पटेल, मुखिया हरिनारायण सिंह, सरथा से पंचायत समिति सदस्य राणा शैलैश सिंह समेत अन्य मौजूद थे। बैठक में विभिन्न समस्याओं को जनप्रतिनिधियों ने अफ़सर के समक्ष सवाल खड़े किए । साथ ही मुख्य रूप से वीबी जीरामजी,15 वीं तथा षष्ठम द्वारा कार्यान्वयन योजना पर भी चर्चा हुई। वहीं अफ़सर के द्वारा प्रखंड स्तर पर चलने वाली योजनाओं की विस्तृत जानकारी जनप्रतिनिधियों के साथ साझा किया गया।उधर सरथा पंचायत से पंचायत समिति सदस्य राणा शैलैश सिंह ने टाड़ापर प्राथमिक विद्यालय के जर्जर भवन के बारे में शिक्षा विभाग से सवाल खड़े किए।साथ ही उन्होंने विकसित भारत. गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन. ग्रामीण (वीबी–जी राम जी) में योजना को पंचायत में (उतरीं एवं दक्षिणी) नहीं चढ़ाने को लेकर मनरेगा (वीबी–जी राम जी) विभाग से सवाल खड़े किए। लेकिन मनरेगा के अफ़सर हीं ग़ायब थे। उन्होंने कहा कि पंचायत समिति कि बैठक में मनरेगा की स्थित पर काफ़ी हंगामा हुआ ।यहां तक मनरेगा पीओ भी बैठक से ग़ायब थे।बाद में बैठक के समापन होने कि स्थिति पर अनुमोदन कराने मनरेगा के डाटा एंट्री ऑपरेटर पहुंचे थे।



मौके पर बीपीआरओ उमेश कुमार, बीईओ नितेश कुमार रंजन,मुखिया विद्यानंद बिंद , मुढारी से पंचायत समिति सदस्य रौशन कुमार,लोहरा से पंसंस शिवजी प्रसाद समेत अन्य मौजूद थे।





# सिहुली गांव में 24 घंटे का अखंड कीर्तन शुरू, भक्ति में डूबा पूरा माहौल

**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट रहुई (नालंदा)।** प्रखंड के सिहुली गांव स्थित देवी स्थान मंदिर में शुक्रवार से समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से 24 घंटे का अखंड कीर्तन शुरू हो गया। इस आयोजन में गांव के महिला, पुरुष, बुजुर्ग, युवा और बच्चे बढ़–चढ़कर भाग ले रहे हैं। अखंड कीर्तन के दौरान "हरे राम, हरे कृष्ण" के जयकारों से पूरा गांव भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार यह परंपरा पिछले लगभग 40 वर्षों से लगातार निभाई जा रही है और हर वर्ष पूरे गांव के सहयोग से इसका आयोजन किया जाता है। ग्रामीण कौशल यादव ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य गांव में शांति, सुख और समृद्धि बनाए रखना है। अखंड कीर्तन को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन में न केवल स्थानीय लोग, बल्कि आसपास के गांवों से भी कई कीर्तन मंडलियां शामिल हो रही हैं। पुरुषों के साथ–साथ महिलाएं भी पूरे उत्साह के साथ भ. ागीदारी निभा रही हैं। अखंड कीर्तन समाप्त होने के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इस भक्ति अनुष्ठान को सफल बनाने में शिवनाथ यादव, मनोज कुमार, गोपाल कुमार, सुनील कुमार, भागवत यादव, प्रमोद चा. ैधरी, योगेंद्र कुमार, विकास कुमार, राजबलम यादव, कुशेष यादव, जनार्दन यादव, पुतुल देवी, सुधा देवी, बसंती देवी सहित समस्त ग्रामवासियों का सराहनीय योगदान है।

# 3 महीने बाद ज़मीन से निकला सच – दहेज के लिए पत्नी की हत्या कर गाड़ा शव, पति की निशानदेही पर खुला खौफनाक राज

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट इस्लामपुर (नालंदा)।** इस्लामपुर थाना क्षेत्र में करीब तीन माह पूर्व लापता एक विवाहित महिला का शव पुलिस ने जमीन से खोदकर बरामद किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई महिला के पति की निशानदेही पर की। शव को कब्जे में लेकर पा. `स्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। मृतका के पिता प्रवीण कुमार, निवासी हिलसा ब्लॉक कॉलोनी, ने बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री सीमा कुमारी की शादी लगभग चार वर्ष पूर्व इस्लामपुर थाना क्षेत्र के सकरी पंचायत अंतर्गत चमर बिगहा गांव के टोला मकसूदपुर निवासी रामाशीष प्रसाद के पुत्र अशोक कुमार के साथ हिंदू रीति–रिवाज से की थी। विवाह के समय उन्होंने दहेज स्वरूप करीब 15 लाख रुपये नकद, सोने की चेन, अंगूठी और एक मोटरसाइकिल भी दी थी। प्रवीण कुमार ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही उनकी पुत्री को पति अशोक कुमार और उसके परिजनों द्वारा पांच लाख रुपये लाकर देने के लिए दबाव बनाया जाता था। रुपये नहीं लाने पर उसे प्रताड़ित किया जाता था और मारपीट की जाती थी। उन्होंने बताया कि 21 दिसंबर 2025 को उन्हें एक ग्रामीण द्वारा मोबाइल पर संदेश मिला कि उनकी पुत्री की हत्या कर दी गई है। सूचना मिलते ही वे अपने परिजनों के साथ ससुराल पहुंचे, लेकिन वहां सभी लोग फरार मिले। काफी खोजबीन के बाद भी बेटी का कोई पता नहीं चला। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि ससुराल वालों ने हत्या कर शव को कहीं छिपा दिया है। इसके बाद 23 दिसंबर 2025 को उनके पुत्र राघव कुमार सिंह ने इस्लामपुर थाना में अशोक कुमार एवं उसके परिजनों के खिलाफ दहेज के लिए हत्या कर शव गायब करने का मामला दर्ज कराया।



थानाध्यक्ष अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि पुलिस दबिश के कारण आरोपी पति अशोक कुमार ने कुछ दिन पूर्व हिलसा न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया था। पुलिस रिमांड पर लेकर उससे कड़ी पूछताछ की गई, जिसमें उसने घटना की सच्चाई स्वीकार की। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने शुक्रवार को इस्लामपुर थाना क्षेत्र के तेतरिया गांव के समीप बनौली खंधा के पास एक गड्ढे से महिला का शव बरामद किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस मामले की आगे की कार्रवाई में जुटी है।







